RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
04, झालाना संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी जयपुर – 302004
फोनः 5101871, 5101872, ईपीबीएक्सः 5159600, 5159699 फैक्सः 5159694–97

प्रेस विज्ञप्ति

पर्यावरण के लिए एसएमएस स्टेडियम से होगी 5 जून को दौड़

जयपुर। पर्यावरण के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए 5 जून यानी मंगलवार को ''रन फॉर एनवायरमेन्ट'' रैली सुबह 6 बजे से शुरू होगी। रैली एसएमएस स्टेडियम (ईस्ट गेट) से प्रारम्भ होकर रामबाग सर्किल, जे.डी.ए. सर्किल, गांधी सर्किल, गांधीनगर मोड, टोंक रोड होते हुए एस.एम.एस. स्टेडियम पर समाप्त होगी। यह रैली विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर राजस्थान सरकार के पर्यावरण विभाग, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस– 2018 का थीम "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" रखा गया है।

राजधानी जयपुर में माननीय वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसरं द्वारा रैली शुरू की जायेगी। रैली में राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना व पुलिस के जवान, एनसीसी के कैड्टिस, स्काउट एवं गाईड्स के छात्र–छात्राएं, अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के छात्र, एन.जी.ओ. एवं जयपुर शहर के आमजन भी भाग लेंगे।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्ड़ल की अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा अरोरा ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताने के लिए अधिक से अधिक संख्या में ''रन फॉर एनवायरमेन्ट'' में भाग लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में 3–5 जून तक इंडिया गेट के पास राजपथ पर राज्य मंडल द्वारा विभिन्न उद्योगों को सम्मिलित करते हुए एक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी, वेस्ट टू प्रोडक्ट, वेस्ट रिसाइकल, नदी संरक्षण एवं वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट इत्यादि के मॉडल एवं वीडियो क्लिप प्रदर्शित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश में जिला वन अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक जिले में ड्राइंग एवं पेंटिंग, क्विज, रैली, वर्कशॉप, सेमिनार एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

दिनांक 3 जून 2018

अजय कुमार गुप्ता
(सदस्य सचिव)

श्रीमान प्रमुख सम्पादक महोदय,

....

....

Scanned by CamScanner